संख्या- 58 /2020 / 449 /चार-2020-11(बजट)/2018

प्रेषक,

जितेन्द्र कुमार
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक: 18 फरवरी, 2020**

विषय:- चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में गुरू गोरक्षनाथ शोध पीठ के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या-4647/सं0नि0-6(136)/2018-19 दिनांक 11 फरवरी, 2020 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में गुरू गोरक्षनाथ शोध पीठ के निर्माण हेतु शासनादेश संख्या-144/ 2018/3843/चार-2018-11(बजट)/2018 दिनांक 28 नवम्बर,2018 द्वारा रू0 1155.57 लाख $ जी0एस0टी0 की प्रशासकीय एवं रू0 100.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी थी। तद्क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्रश्नगत कार्य हेतु रू0 500.00 लाख (रूपये पॉच करोड मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- शासनादेश संख्या-144/2018/3843/चार-2018-11(बजट)/2018 दिनांक 28 नवम्बर,2018 में उल्लिखित शर्ते यथावत रहेंगी।

3- उपर्युक्त स्वीकृति चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या-92 के अधीन लेखाशीर्षक-4202-शिक्षा,खेलकूद,कला तथा संस्कृति पर पूॅजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति -800-अन्य व्यय-43-पं0 दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में निर्माण कार्य हेतु - 24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019 , दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(जितेन्द्र कुमार)
प्रमुख सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या- 58 /2020/ 449 /चार-2020 तद्दिनांक

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- कुलपति, पं0 दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर।
4- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- इकाई प्रभारी इकाई-3, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 गोरखपुर।
7- उप निदेशक, राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर (नोडल आफिसर, संस्कृति)
8- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शिशिर)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।